# GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 8 गुलमर्ग की खिड़की से एक रात

**Std 9 GSEB Hindi Solutions गुलमर्ग की खिड़की से एक रात Textbook Questions and Answers**

**स्वाध्याय :**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**प्रश्न 1. गुलमर्ग का भौगोलिक वातावरण कैसा है?**
उत्तर :
गुलमर्ग ऊंचाई पर पहाड़ियों से घिरा हुआ ठंडा स्थान है।

**प्रश्न 2. लेखक ने गुलमर्ग के साथ व्यक्ति की आत्मीयता बढ़ने का क्या कारण बताया है?**
उत्तर :
लेखक ने गुलमर्ग के अपार आकर्षण को उसके साथ व्यक्ति की आत्मीयता बढ़ने का कारण बताया है।

**प्रश्न 3. खिड़की के पास खड़ा लेखक बरसाती घटा को देखकर किस बात की प्रतीक्षा करने लगा?**
उत्तर :
खिड़की के पास खड़ा लेखक बरसाती घटा को देखकर इस बात की प्रतीक्षा करने लगा कि वह (घटा) उस तक पहुंचे और उसे अपने में लपेट ले।

**प्रश्न 4. तूफ़ान के एकाएक रूक जाने पर लेखक को कैसा अनुभव हुआ?**
उत्तर :
तूफान के एकाएक रुक जाने पर लेखक को ऐसा अनुभव हुआ जैसे उसका दम घुटने लगा हो।

**प्रश्न 5. लेखक को किस बात का अफसोस हुआ?**
उत्तर :
लेखक को इस बात का अफसोस हुआ कि वह बरसाती घटा उसके बराबर नहीं हो सकी।

**प्रश्न 6. लेखक ने गुलमर्ग की पगडण्डियों के लिए क्या उपमा दी?**
उत्तर :
लेखक ने गुलमर्ग की पगडंडियों के लिए पतली-पतली नरम बाँहों की उपमा दी।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-दो वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**प्रश्न 1. गुलमर्ग से विदा होते समय सैलानियों को कैसा अहसास होता है?**

उत्तर :

गुलमर्ग में रहते हुए सैलानियों को उससे गहरी आत्मीयता हो जाती है। इसलिए वहाँ से विदा लेते समय उन्हें अपने आपसे बिछुड़ने का अनुभव होता है।

**प्रश्न 2. लेखक ने गुलमर्ग के दिन को वाचाल क्यों कहा?**

उत्तर :

गुलमर्ग में रात आते ही सबकुछ खामोश हो जाता है। दिन में सैलानियों के कारण वहाँ बहुत चहल-पहल रहती है। इसलिए लेखक ने गुलमर्ग के दिन को वाचाल कहा।

**प्रश्न 3. सैलानी कब और क्यों सिहर जाते हैं.?**

उत्तर :

सैलानी बर्फबारी होने पर अत्यंत ठंडक के कारण सिहर जाते हैं।

**प्रश्न 4. लेखक की प्रतीक्षा असफल क्यों हुई?**

उत्तर :

लेखक तूफानी हवा के साथ आ रही बरसती घटा से घिर जाने की प्रतीक्षा कर रहा था। लेकिन तूफान रुक जाने से घटा उस तक नहीं पहुंची। इसलिए लेखक की प्रतीक्षा असफल हुई।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के पाँच-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**प्रश्न 1. लेखक ऐसा क्यों कहता है कि गुलमर्ग को कभी पूरा देखा नहीं जा सकता?**

उत्तर :

गुलमर्ग में रहकर वहाँ के साथ व्यक्ति की आत्मीयता बहुत गहरी हो जाती है। यहाँ तक कि व्यक्ति अपने आपको वहाँ के सपाट मैदान का एक हिस्सा समझने लगता है। वहाँ के जिस. परिसर में व्यक्ति रहता है, वह उसके भीतर समा जाता है। आत्मीयता का कोई ओर-छोर नहीं होता। इसलिए लेखक को लगता है कि गुलमर्ग को कभी पूरा देखा नहीं जा सकता।

**प्रश्न 2. 'दिन में गुलमर्ग की शोभा' का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।**

उत्तर :

दिन में गुलमर्ग का हरा-भरा रूप आँखों को मुग्ध कर देता है। धरती से लेकर आकाश तक हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। हरी घास के बीच तरह-तरह के रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं। वातावरण में नई-नई कोपलें फूट आती हैं। सैलानी घुड़सवारी का आनंद लेते नजर आते हैं। हर क्षण नए अनुभव और रोमांच की सृष्टि होती है। आकाश में बादलों के नन्हे-नन्हे द्वीप तैरते दिखाई देते हैं।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

पगडंडियाँ भेड़-बकरियों के रेवड़ों से ढक जाती हैं। इस तरह दिन में गुलमर्ग की शोभा देखने लायक होती है।

**प्रश्न 3. प्रकाश, बादल तथा हवा के कारण गुलमर्ग दर्शन में आए रोमांच का वर्णन कीजिए।**
उत्तर :
गुलमर्ग प्रकृति की क्रीडास्थली है। बर्फ से ढके पहाड़ों पर सूर्य का प्रकाश सुनहली आभा प्रकट करता है। आकाश से बरसते बर्फ के पारदर्शक कण प्रकाश में उज्ज्वल हो उठते है। बादलों के समूह आकाश में ऐसे विचरते हैं जैसे नन्हे-नन्हे द्वीप इधर-उधर भटक रहे हों। सुहावनी लगनेवाली हवा एकाएक तूफान का रूप ले लेती है, तेज हवा के साथ बरसाती घटाएँ तेजी से आगे बढ़ती हैं। बीच-बीच में बिजली भी कौंधने लगती है। इस प्रकार प्रकाश, बादल और हवा के कारण गुलमर्ग एक अनोखे रोमांच से भर जाता है।

**4. पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए :**

**प्रश्न 1. गुलमर्ग में सपने फूलकर उगते हैं- हरियाली के आर-पार, लाल-लाल छतों के ऊपर आकाश में।**
उत्तर :
गुलमर्ग के रंगीन फूल रंगीन और सुंदर सपनों की तरह होते हैं। हरी-भरी घास पर दूर-दूर तक फूल ही फूल दिखाई देते हैं। लाल रंग की छतों पर भी फूल नजर आते हैं।

**प्रश्न 2. रंगीन बिन्दुओं का पूरा विस्तार एक बार सिहर जाता है. और अपने को समेटने लगता है।**
उत्तर :
मौसम सुहावना था। हरी घास पर बैठे रंग-बिरंगे कपड़े पहने हुए तरह-तरह के सैलानी सुहावने वातावरण का आनंद ले रहे थे। तभी बूंदें गिरने लगी और सैलानी उठ-उठकर सुरक्षित जगहों में जाने लगे।

**5. प्रश्न 1. "हरियाली का सपना कुहासे के फूल में बदल जाता है.' - यह दृश्य किस समय का है?**
**(अ) प्रातःकाल**
**(ब) दोपहर**
**(क) सायंकाल**
**(ड) अर्धरात्रि**
उत्तर :
(क) सायंकाल

**6. प्रश्न 1. उचित उपसर्ग जोड़कर उनके विरुद्धार्थी शब्द बनाइए :**

1. साधारण

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2. मान
3. उदार
4. रंग
5. स्मृति

उत्तर :

1. **असाधारण**
2. **अपमान**
3. **अनुदार**
4. **बेरंग**
5. **विस्मृति**

**प्रश्न 2. उचित प्रत्यय जोड़कर विशेषण शब्द बनाइए :**

1. **सुरमा**
2. **बरसात**
3. **तूफ़ान**
4. **चमक**
5. **विस्फोट**

उत्तर :

1. सुरमई
2. बरसाती
3. तूफानी
4. चमकीला, चमकदार
5. विस्फोटक

**प्रश्न 3. उचित प्रत्यय जोड़कर संज्ञा बनाइए :**

1. **लाल**
2. **खामोश**
3. **कमजोर**
4. **आकर्षक**

उत्तर :

1. लालिमा

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2. खामोशी
3. कमजोरी
4. आकर्षण

**7. वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

**प्रश्न 1.**
**1. विस्फोट - ..........**
**2. आकर्षण - ..........**
**3. पारदर्शक - ..........**
**4. रोमांचक - ..........**
उत्तर :
1. **विस्फोट** - किसी पदार्थ का तेज आवाज़ के साथ फटना
वाक्य : बम विस्फोट से आसपास के मकान हिल उठे।

2. **आकर्षण** - खिचाव
वाक्य : तितलियों को फूलों का बड़ा आकर्षण रहता है।

3. **पारदर्शक** - आरपार दिखलाई देनेवाला
वाक्य : घना कोहरा अब पारदर्शक होने लगा है।

4. **रोमांचक** - रोंगटे खड़े कर देनेवाला
वाक्य : जादूगर ने बड़े रोमांचक खेल दिखाए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in